

श्री. शांतिलालजी मुथ्था
संस्थापक, BJS

# BJS eबुलेटीन 2020

**Edition 20, 24th April 2020**

JAINS FOR INDIA
BJS Bharatiya Jain Sanghatana

## संपादक की कलम से

प्रिय स्नेहीजन,



भारत को युवाओं का देश कहा जाता है क्योंकि देश की अधिकांश जनसंख्या युवा है जिसकी आयु 30-35 वर्ष के आसपास है. विश्व के विकासशील देशों में भारत एक एसा देश है जो विकसित देशों की पंक्ति में खड़ा होने के स्वप्न संजोकर उन्हें साकार करने हेतु कार्यरत है. आशा है कि कोविड-19 के पश्चात देश की अर्थव्यवस्था, आने वाले भूकंप के प्रारम्भिक झटकों को वहन कर अल्प अवधि में सामान्य स्थिति प्राप्त कर लेगी. अनुमान है कि अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों हेतु भारत हॉटस्पॉट बनेगा. इन अवसरों का लाभ लेते हुए, युवाश्रम और युवा उच्चशिक्षितों के बल पर, कुछ ही वर्षों में देश आर्थिक महासत्ता के रूप में विश्व पटल पर उसकी उपस्थिति दर्ज करवा सकेगा.

युवाओं को योग्य दिशा निर्देश यथोचित समय पर मिलना चाहिए. BJS Family Summit face book live page पर 20 अप्रेल को इस विषय पर श्री राकेश जैन प्रखर, इंदौर ने युवाओं को सफलता के गुरु मंत्र दिए, जिसे लिपिबद्ध कर आपके पठन हेतु इस अंक में प्रकाशित कर रहे हैं.

**निरंजन जुंवा जैन**
सदस्य - BJS राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति




**BJS FAMILY SUMMIT** Live Face book Series DAY 20 — April 20

# Explore Youth Leadership Potential



**युवाओं में व विशेष रूप से आज की युवा पीढ़ी में अद्वितीय सामर्थ्य व क्षमताएं है. यह पीढ़ी हमसे कहीं अधिक बुद्धिमान (Intelligent) तथा सुव्यवस्थित (Smart) है. मात्र हल्के से दिशा निर्देश से इनमें छिपे नेतृत्व कौशल्य (Leadership Skill) को उस स्तर तक विकसित किया जा सकता है कि वे समाज व देश की संपत्ति (Asset) बन सके.**

**राकेश जैन** प्रखर, इंदौर
NVP - BJS

गत कुछ वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की प्रतिष्ठा में अद्वितीय वृद्धि हुई है. कोविड-19 से निपटने में भारत की रणनीति को वैश्विक समुदाय ने मात्र सराहा ही नहीं अपितु अनुसरण भी किया है. आज भारत अमेरिका व चीन से भी शीर्ष क्रम पर है. देश को मिली इस प्रतिष्ठा से हमारी वर्षों पुरानी कल्पना साकार हुई है. भारत विश्व का वह युवा देश है जिसमें 30-35 वर्ष की आयु के नागरिक सर्वाधिक हैं. ये वो युवा हैं जो देश को सुपर पावर बनाने का सामर्थ्य रखते हैं. कोविड-19 के बाद बिखरने का नहीं अपितु निखरने का समय होगा, जिसे हमारी यह युवा पीढ़ी उनमें छिपी प्रतिभा व सामर्थ्य के बल पर भारत को विश्व गुरु बनाएगी.

### युवाओं को उनमें छिपे नेतृत्व कौशल्य को उभारने के 20 मंत्र

**1. Have Self Confidence**

युवाओं में अच्छे लीडर बनने की अद्वितीय शक्ति होती है. स्वयं पर भरोसा रखने की जरूरत है. कहते है " मन के जीते जीत, मन के हारे हार" आत्मविश्वास है तो आप वह सब कर सकते हैं जो आप चाहते हैं या फिर आपसे अपेक्षित है. सफलता की राह में अवरोध आते हैं, किन्तु उसके कारण आपका मूल्य कहीं कम नहीं होता. प्रयास करते रहें. " लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती".

**2. Find your USP**

आपका unique selling point क्या है, यह आपको पता होना चाहिए. यही USP आपकी ताकत है. सचिन तेंदुलकर का USP क्रिकेट है. मात्र आपको focus करने की आवश्यकता है. अभिनव बिंद्रा को ओलम्पिक में गोल्ड मेडल मिला क्योंकि उसका एक ध्येय था जिसके लिए उसने 10 वर्षों तक प्रतिदिन 10 घंटे प्रैक्टिस की. सफलता उन्हीं को मिलती है जो पूरे जी जान से focus करके कार्य करते हैं

Contd...

BJS Bharatiya Jain Sanghatana
FAMILY SUMMIT
on Facebook LIVE every day
LIVE @ 4:00 - 5:00pm
16th April to 30th April 2020

April 24 Thursday
आज दिनांक **24 अप्रेल, 2020** 4 से 5 सांय
**संजीव जैन**, दुबई
विषय: **India - Next Global Business Hub**
Fb Link : **bit.ly/BJSPune**
Scan to Join

**3. Explore full potential**

सफल व असफल दो तरह के व्यक्ति होते हैं. असफल व्यक्ति को प्रातः जल्दी उठना पसंद नहीं होता. संभव है कि सफल व्यक्ति को भी प्रातः जल्दी उठना पसंद न हो, बावजूद इसके वो जल्दी उठ जाते हैं क्योंकि ध्येय उनकी प्राथमिकता होता है. मणिपाल यूनिवर्सिटी में पढ़ते हुए सुंदर पिचाई को कहां पता था कि वो दुनिया की इतनी बड़ी कम्पनी का CEO बनने वाले हैं. APJ अब्दुल कलाम घर घर जाकर अखबार बांटते थे, उन्हें कहा पता था कि वो देश के राष्ट्रपति बनेंगे. वे इसलिए बन पाए क्योंकि उन्होंने स्वयं के सामर्थ्य को पहचाना और लक्ष्य का पीछा अनुशासन में रहकर किया. Quiter never wins and Winner never quits.

**4. Develop creativity & Innovation**

आपका मस्तिष्क किसी Super Computer से कम नहीं, उसका भरपूर उपयोग करें. आपको devils advocate बनना होगा. स्वयं से प्रश्न करने की आदत डालें. अगर कुछ नहीं हो रहा है तो क्यों नहीं हो रहा? तभी innovation बाहर आएगा. न्यूटन ने पेड़ से एपल नीचे गिरा तो क्यों? इसका उत्तर पाने में जुट गया और अंततः gravity के सिद्धांत को खोज निकाला. चीजों को स्वीकार करने की जगह प्रश्न पूछने की आदत डालें. सही प्रश्न पूछना सीख लिया तो उत्तर भी सही आएगा.

**5. Develop Passion**

सफल होने के लिए ज़ुनून होना चाहिए. गांधीजी को आज़ादी के लिए, मदर टेरेसा को service to humanity, तेंदुलकर क्रिकेट, नारायण मूर्ति टेक्नोलॉजी और शाहजहां को प्रेम का ज़ुनून था. Do what you love & love what you do.

**6. Dream and Dream big**

APJ अब्दुल कलाम ने कहा कि सपने वो ही साकार होते हैं जो आपको सोने नहीं दे. सपनों के साथ action जरूरी है. चाँद की धरती पर चलने का, पक्षियों की तरह उड़ने का सपना पूर्ण हुआ क्योंकि किसी ने खुली आँखों से देखा था. जामनगर स्थित refinery, पेट्रोल पम्प पर नौकरी करते हुए धीरू भाई अम्बानी द्वारा देखे गए सपने का परिणाम है.

**7. Do Self Assessment**

आपकी शक्तियों और कमज़ोरियों का मूल्यांकन करें तभी जीवन का सही blue print तैयार कर सकेंगे जो आपके बेहतर भविष्य के निर्माण में सहायक होगा. GPS सिस्टम हमें सही जगह पहुंचाता है. ऐसे ही हम सब में प्रभु का दिया एक GPS लगा हुआ है जिसमें गंतव्य को feed करना है. स्वमूल्यांकन के साथ यह विश्वास रखें कि मैं यह कर सकता हूँ. जिसे बारम्बार बोलें, सकारात्मकता आपके अचेतन मन में store हो जाएगी. "सोच को बदलो, सितारे बदल जाएंगे"

**8. Develop your vision**

हेलन किलर नेत्रहीन थी. किसी ने पूछा " बिना आंखों के आपको तकलीफ नहीं होती"? उन्होंने उत्तर दिया कि "नहीं क्योंकि मेरे पास vision है". आपके ideas को अन्य से साझा करें. अच्छे Mentor, Guide, Advisor से सलाह लें. आपके vision को develop करें और उसमें अधिक clarity लाएं.

**9. Set Goals**

जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना महत्वपूर्ण है. लक्ष्य को पाने के लिए यदि आवश्यक हो तो आदतों को बदलें. बहाने न बनाएं परिस्थितियों को दोष न दें. लक्ष्य S M A R T होने चाहिए- sustainable, measureable, attainable, realistic और timebound.

**10. Manage your time**

जिन्होंने बड़ी सफलताएं अर्जित की उन सभी ने समय की कीमत को समझा. जो काम करना है, वह अभी करना है, कल पर मत छोड़िए. आदमी बड़ा हो या छोटा, अमीर हो या गरीब, सभी को दिन के समान रूप से 24 घंटे मिलते हैं. 24 घंटों के उपयोग की कला पर सफलता का आधार रहता है. प्राथमिकताओं के अनुसार समय का प्रबन्ध करें. जो रुपये के समान ही समय के मूल्य को समझते हैं वे ही सफलता को वरण करते हैं.

**11. Dont worry - Be happy**

समय अच्छा हो या बुरा, गुजर जाता है. विपरीत समय में समभाव में रहें. People skills को develop करें.

**12. Think positive**

सकारात्मक सोच रखें. कमरे में अंधेरा हो तो लाईट का स्विच On करते हैं, उसी तरह आपके attitude का स्विच भी On रखें. एक negative character मंथरा थी जिसकी वजह से रामायण हो गई. आज के जमाने में अनेक मंथराएं हैं जो नकारात्मकता का प्रतिक हैं. नकारात्मक विचारों को सकारात्मकता में बदलें. आपके पास विचारों की 24x7 factory है. यह आप पर निर्भर करता है कि कौनसे विचारों का production करना चाहते हैं. सकारात्मक विचार सफलता व प्रसन्नता की कुंजी है.

**13. Teamwork works**

सफलताएं टीम में अर्जित करना आसान होता है. पांडव 5 थे और कौरव 100. लेकिन पांडव एक थे और कौरव अलग अलग, यही कुरुक्षेत्र में उनकी पराजय का कारण बना. टीम में काम करना सीखें व सफलता प्राप्त करें.

Contd...

**BJS FAMILY SUMMIT** Live Face book Series **DAY 20** April 20

**14. Convert problems into opportunities**

समस्याओं से विचलित न हों. किसी जमाने की भारतीय क्रिकेट टीम का स्पिन गेंदबाज चंद्रशेखर जिस हाथ से गेंदबाजी करता था वह पोलियो ग्रस्त था. उसने उसकी इस कमजोरी की विशेषता को समझा और ऐसी गूगली फेंकता था जो बैट्समैन समझ नही पाता था. समस्या ताकत बन सकती है बशर्ते उसे अवसर में परिवर्तित किया जाय.

**15. Believe in Law of attraction**

Might, don't, but, can't ये सभी शब्द अपनी डिक्शनरी से हटा दें. आप मंजिल पर पहुंचने का प्रयास करते हैं तब सारी कायनात आपके साथ होती है. आप अच्छे और सच्चे mission पर हैं तो ईश्वर आपके साथ होता है.

**16. Never Ever loose Hope**

उम्मीद न छोड़े. आशा की किरण को बुझने न दें. हर रात के बाद सवेरा निश्चित है. असफलता ही सफलता की सीढ़ी होती है.

**17. Be the Change**

परिवर्तन चाहते हैं तो उसे लाने की जिम्मेवारी आपकी है. शुरुआत हमसे ही होनी चाहिए. विचारें कि हमने देश को क्या दिया. Community service को अपनी आदत बनाएं.

**18. Follow 7 habits of highly successful people**

सर्वाधिक सफलतम व्यक्तियों में समान 7 आदतें निम्न हैं:

1. Begin with the end in mind
2. Put first thing first
3. Think Win Win.
4. Seek first to understand than to be understood
5. Synergise
6. Sharpen the Saw
7. Be proactive

**19. ज़िद करो, दुनिया बदलो**

गुस्सा आना अच्छी बात है बशर्ते सही दिशा मिले. गांधीजी को दक्षिण अफ्रीका में रेल के डिब्बे से फेक दिया तो उन्होंने तय किया कि गोरों को देश से निकाल कर ही दम लूंगा.

**20. Become Competent**

कामयाबी की दौड़ को छोड़ दें, सिर्फ और सिर्फ काबिल बनने की कोशिश करें. सफलता उन्हीं को मिलती है जो योग्य बनने में विश्वास करते हैं.

इन मंत्रों को अपनाकर युवा अपने नेतृत्व गुणों का विकास कर सकते हैं और स्वयं की प्रगति के साथ राष्ट्र निर्माण में भी सहयोग कर सकते हैं.

To view all videos : **bit.ly/BJSPune**

# BJS Mission: DOCTOR AT YOUR DOORSTEP

**Free Mobile Dispensary Van Seva**

**Chidambaram, Tamil Nadu**

Inauguration on 23.04.2020 by Sub-Collector

